Nav Bharat Times-New Delhi-07-05-2011

डीटीयू-सैमसंग का एमओयू, स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप

प्रस || नई दिल्ली : दिल्ली टेक्नॉलजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) ने यूनिवर्सिटी चाहती है कि इंडस्ट्री के साथ रिश्तों को मजबूत बनाया जाए ताकि स्टूडेंट्स कंपनियों में जाकर अनुभव हासिल कर सकें।

इसी दिशा में डीटीयू ने शुक्रवार को सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया है। वाइस चांसलर प्रो. पी. बी. शर्मा और सैमसंग सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग लैब इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर जैसन डी क्वॉक ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत डीटीयू के पांच स्टूडेंट्स को छह हफ्ते तक कंपनी में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा और इस अवधि के दौरान स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी मिलेगा। इसके अलावा भी कंपनी के सीनियर ऑफिसर डीटीयू स्टूडेंट्स को लेक्चर भी देंगे और अपने अनुभव शेयर करेंगे।